



# पुष्य नक्षत्र : सुबह से लेकर देर रात तक बाजारों में रही भीड़, जमकर हुई खरीददारी

इंदौर . दीपों के पर्व दीपावली पर अमूमन लोग धनतेरस के दिन जमकर खरीदी करते हैं, लेकिन इस बार दिवाली के पहले आए पुष्य नक्षत्र के कारण बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी . मंगलवार को सुबह से लेकर रात तक शहर के सराफा, कपड़ा बाजार, आटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक शोरुमों में भारी भीड़ उमड़ी . सोने और चांदी के भाव तेज हैं, फिर भी लोगों ने इसे सुरक्षित निवेश मानते हुए पुष्य नक्षत्र में इसकी खरीददारी की . दो पहिया और चार पहिया वाहनों की भी ब्रिक्री हुई . व्यापारियों ने खाताबही की खरीदार की . मंगलवार को 11 .54 बजे से शुरू हुआ पुष्य नक्षत्र आज बुधवार दोपहर 12 बजे तक यानी 24 घंटे 6 मिनट तक रहेगा . व्यापारियों को आज भी अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है .

## एक नजर में

### स्काईस्कैनर ने ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी की

इंदौर . अग्रणी ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने नई दिल्ली के लटांगो, नेहरु प्लेस में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अपनी ट्रैवल ट्रेंड्स 2026 रिपोर्ट जारी की . इस कार्यक्रम में सूर्य कुमार यादव मौजूद थे .इस लॉन्च कार्यक्रम में साल के लिए सबसे किफ़ायती और लोकप्रिय यात्रा स्थलों तथा सात प्रमुख यात्रा ट्रेंड्स का अनावरण हुआ . साहित्यिक यात्रा से लेकर ग्रोसरी के गलियारों तथा स्किनकेयर से प्रेरित यात्रा कार्यक्रम तक, स्काईस्कैनर की रिपोर्ट में सामने आया कि 2026 का साल व्यक्तिगत यात्रा का साल होने वाला है . भारतीय यात्री ऐसी ट्रिप्स की योजना बना रहे हैं, जो उनकी रुचियों और पहचान से मेल खाती हों . इस रिपोर्ट के बारे में नील घोष, स्काईस्कैनर ट्रैवल ट्रेंड्स एंड डेस्टिनेशंस एक्सपर्ट ने कहा भारतीयों द्वारा यात्रा करने के तरीके में परिवर्तन हो रहा है . यात्राओं का झुकाव गहरे अर्थ और ज्यादा व्यक्तिगत विकल्पों की ओर बढ़ता जा रहा है .

### टाटा प्ले लगाओ अभियान पेश

इंदौर . टाटा प्ले ने अपना डीटीएच अभियान समझदार बनो, टाटा प्ले लगाओ पेश किया है . यह पारंपरिक विज्ञापन से बिल्कुल अलग है . इसमें एआई से बनाया गया एक समझदार उल्लू और एक बुद्धिमान गधा दिखाया गया है . यह ग्राहकों को मजेदार तरीके से टाटा प्ले के फायदों के बारे में बता रहा है . इस अभियान के बारे में कृष्णेंदु दासगुप्ता, हेड मार्केटिंग कम्युनिकेशंस, टाटा प्ले ने कहा यह अभियान एक सरल, लेकिन शक्तिशाली जानकारी पर आधारित है कि जब भी दर्शक अपनी पसंद का मनोरंजन देखना चाहते हैं, तो वो भीड़ नहीं, बल्कि स्पष्टता पसंद करते हैं . उनके पास अनेकों विकल्प उपलब्ध होते हैं, लेकिन उनके कारण भ्रम और अधिक बढ़ जाता है . हल्के-फुल्के और दिलचस्प क्षणों द्वारा हमारा बुद्धिमान उल्लू और समझदार गधा विश्वसनीय मार्गदर्शक के रूप में दर्शकों को निर्णय लेना बहुत आसान बना रहे हैं .

### फोनपे लाया 24 के डिजिटल गोल्ड पर कैशबैक ऑफर!

इंदौर . धनतेरस के शुभ अवसर पर, फोनपे ने अपने ग्राहकों के लिए 24के डिजिटल गोल्ड की खरीद पर रोमांचक कैशबैक ऑफर्स की घोषणा की है . फ़ोनपे से न्यूनतम 2000 रुपए तक का डिजिटल गोल्ड खरीदने पर यूजर्स 2% का फ्लैट कैशबैक ( 2000 रुपए तक ) प्राप्त कर सकते हैं . यह ऑफ़र 18 अक्टूबर को केवल वन-टाइम ट्रांजेक्शन पर लागू होगा. यूजर फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर एमएटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरेटलेन जैसी डिजिटल गोल्ड क्षेत्र की अग्रणी और विश्वसनीय कंपनियों से 99 .99% शुद्धता-प्रमाणित 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं. वन-टाइम शॉपिंग के अलावा, फ़ोनपे यूजर्स को डेली या मंथली एसआईपी के माध्यम से डिजिटल रूप से गोल्ड में निवेश करने की सुविधा भी देता है .

### रास गरबा महोत्सव का आयोजन



इंदौर . रास गरबा महोत्सव का आयोजन सिंधु भवन, अन्नपूर्णा मंदिर के पास किया गया . मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन युवा जैन रत्न उद्योगपति, गायक चिंतन बाकलीवाल, जेडी लोक शिक्षण संभाग इंदौर अनिता चौहान, विश्व हिंदू परिषद प्रमुख राजेश बिंजवा, पार्षद कंचन गिदवानी, अनंत महंत इंदौर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष एवं विश्व ब्राह्मण समाज प्रमुख, नितिन छाजेड़ होटल वर्ल्ड डायरेक्टर उपस्थित थे . अतिथियों का स्वागत आयोजक वंदना डोसी, विक्की शर्मा, संयोजक अपराजित डोसी और अन्य सदस्यों ने किया . प्रतियोगिता में बेस्ट गरबा मेल फीमेल, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट कपल और अन्य श्रेणियों में करीब 150 प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया . संचालन द्वारका चौरसिया ने किया .

### मलाबार ने न्यूजीलैंड में नए शो-रूम का शुभारंभ किया

मुंबई . मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड में अपने कारोबार के विस्तार की गर्व के साथ घोषणा की है . न्यूजीलैंड में कंपनी के पहले शो-रूम का शुभारंभ ऑकलैंड के बॉटनी टाउन सेंटर में किया गया. नए शो-रूम का उद्घाटन ब्रांड के अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजना के परिप्रेक्ष्य में एक अहम मील का पत्थर है, जिससे 14 देशों में असाधारण शिल्पकलौ . नए शो-रूम का उद्घाटन न्यूजीलैंड के इमरजेंसी मैनेजमेंट, पुलिस, स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन मंत्री मार्क मिशेल ने किया . इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के इंटरनेशनल ऑपरेशंस के वाइस चेयरमैन के .पी. अब्दुल सलाम, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के इंटरनेशनल ऑपरेशंस के प्रबंध निदेशक शामलाल अहमद ; वरिष्ठ निदेशक सी मयंकुट्टी ; मलाबार ग्रुप के कार्यकारी निदेशक निशाद ए .के और के .पी . वीरनकुट्टी ; विनिर्माण प्रमुख फैसल ए .के ., वित्त और प्रशासन विभाग के डायरेक्टर अमीर सी.एम.सी; मलाबार ग्रुप के चीफ डिजिटल ऑफिसर शाजी काक्कोडी ; सीनियर मैनेजमेंट व अन्य सदस्य उपस्थित रहे .

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जारी की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट

इंदौर . टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी व्यापक सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2025 जारी की है, जो भारत की विशिष्ट विकास आवश्यकताओं के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण और सतत गतिशीलता के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है . यह रिपोर्ट कर्नाटक सरकार के माननीय वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्री ईश्वर खांद्रे द्वारा जारी की गई . इस अवसर पर स्वप्नेश मारू, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर- कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट, सुदीप दलवी, चीफ़ कम्युनिकेशन ऑफिसर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड- स्टेट अफेयर्स तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर ने भारत में कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत निर्माण के क्षेत्र में कंपनी की अग्रणी भूमिका को एक बार फिर उजागर किया . डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर स्वप्नेश मारू ने कहा हमारा विज़न भारत की सीओपी26 प्रतिबद्धताओं और 'पंचामृत लक्ष्यों' के अनुरूप है .

### मिडास हॉस्पिटल को ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता

रायपुर . नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक, मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ( डब्ल्यूईओ ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है . यह मान्यता अमेरिका के एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ . कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी . इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया. वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ . श्रीकांत मुकेवार और डॉ . सौरभ मुकेवार को प्रदान की . डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे . वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा, जिसमें लिवर पर होने वाली अत्याधुनिक एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी शामिल होगा .

# शहर में एंटी स्मोक गन से पटाखों का धुआं होगा नियंत्रित

- दीपावली त्यौहार पर नगर निगम की नई पहल
- 10 प्रमुख चौराहों पर स्थापित की जाएंगी गन
- पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को मिलेगा लाभ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. दीपावली और देव दीपावली पर शहर में पटाखों के धुएं से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम ने एंटी स्मोक गन का प्रयोग करने की योजना बनाई है. यह गन 18 से 20 अक्टूबर तक शहर के 10 प्रमुख चौराहों राजबाड़ा, रीगल चौराहा, खजराना मंदिर, भंवरकुआं, बड़ा गणपति, सांवेर रोड, पोलो ग्राउंड, विजय नगर, देवास नाका और अन्य स्थानों पर स्थापित की जाएंगी.**

वर्कशाप प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि यह गन पिछले साल कबाड़ के लोहे से तैयार की गई थी और हवा में उड़ रहे धुएं को पानी की हल्की बौछार के माध्यम से नष्ट कर देती है. इसके कारण धुआं कण के रूप में जमीन पर गिरता है, जिससे वातावरण शुद्ध रहता है और दमे या फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ित लोगों को राहत मिलती है. नगर निगम ने पिछले वर्षों में स्वच्छता में लगातार नंबर वन का खिताब



हासिल किया है और अब स्वच्छता ही शहर की पहचान बन गई है. इस बार गन से न केवल पटाखों के धुएं को नियंत्रित किया जाएगा, बल्कि हवा और पर्यावरण दोनों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी. उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम ने तंदूर के इस्तेमाल को कम करना, इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देना जैसी कई पहल की हैं. दीपावली पर एंटी स्मोक गन हमारी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण है. यह कदम सुरक्षित, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त दिवाली सुनिश्चित करने की दिशा में नगर निगम की महत्वाकांक्षी पहल है. जिसके चलते इस दीपावली पर इसी एंटी स्मोक गन से पटाखों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को लाभ मिल सकेगा.

# प्रशासन ने अवैध पटाखे की दुकानें हटवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज प्रशासन ने रीजनल पार्क पर अवैध पटाखा दुकानें हटाने की कार्रवाई की. अवैध रूप से पटाखा बेचने वाले दुकानदारों को प्रशासन ने नोटिस दिए थे, इसके बावजूद दुकानें चालू थी.**

आज नगर निगम, पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कारवाई करते हुए रीजनल पार्क रोड पर लगी अवैध पटाका दुकानें हटाने की कार्रवाई की. करीब 10 अवैध दुकानों को हटाया गया है. उक्त दुकानदारों ने प्रशासन द्वारा जारी अस्थाई लाइसेंस की दुकानों के पास अवैध पटाके बेचे जा रहे थे. पिछले साल रीजनल पार्क पर इन्हीं अवैध पटाका दुकानों के कारण आज लग गई थी. इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने दुकानें हटवाने की कार्रवाई की. खबर



के पुष्टि करते हुए तहसीलदार विवेक सोनी ने कहा कि सुरक्षा और अवैध रूप से पटाका बेचने को लेकर आज संयुक्त कारवाई की गई है.

# करीब 10 लाख का मावा, घी और मिठाई जब्त

**इंदौर. आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब 10 लाख का मावा, घी और मिठाई जब्त करने की कार्रवाई की. उक्त मावा, घी और मिठाई ग्वालियर और अहमदाबाद से लाया गया था. कार्रवाई के दौरान किसी ने भी माल का क्लेम नहीं किया.**

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज पीपलियाहाना रिंग रोड पर बाबा ट्रैवल्स के पास से एक निजी बस से 16 बोरी में 6 टन मावा जब्त किया. यह मावा ग्वालियर से एक निजी बस में रखकर आया था. इसके लिए खाद्य अधिकारियों ने चार दिन तक रेकी कर मावा जब्त करने की कार्रवाई की है. खाद्य विभाग द्वारा एक निजी वीर ट्रेवल्स की बस से 1 टन घी और 2 टन मिठाई और 6 सौ किलो मावा जब्त किया.



### कोई क्लेम करने नहीं आया

खाद्य अधिकारी अवशेष अग्रवाल ने बताया कि चार घंटे की कारवाई में जब्त मावे ऑफ मिठाई का मालिक या सप्लायर क्लेम करने नहीं आया है . जब्त मावे, घी और मिठाई का बाजार मूल्य 8 से 10 लाख रुपए कीमत हो सकती है .

# पूर्व विद्यार्थियों ने पुरानी स्मृतियों को ताजा किया

- गुजराती कॉलेज के पूर्व गुरु-शिष्यों का मिलन समारोह आयोजित

**इंदौर. गुजराती कॉलेज का इंदौर गुजराती आर्ट एवं लॉ कॉलेज ग्रुप 1977-83 बैच के शिक्षक-विद्यार्थियों का दशहरा-मिलन समारोह का आयोजन 56-दुकान पर आयोजित किया गया. जिसमें कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिरकत की. इस अवसर पर प्रो. सुबंधु दुबे, जवाहर चौधरी, लक्ष्मी अयंगर और निरुपमा नागर का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजराती कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी और छात्र नेता पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा और बालकृष्ण



अरोड़ा (लालू-गोपी) ने अपने मित्रों के साथ विचार साझा किए. इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया और पुरानी स्मृतियों को ताजा किया. कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा किया गया था, जिसमें सभी ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे के साथ पुरानी यादें ताजा कीं और शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ भविष्य में पुन: मिलाने का वादा किया.




# बैंक रिटायरीज के ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस में भी जीएसटी कम करने की मांग

**इंदौर. बैंक रिटायरिज की शीर्ष संस्था ऑल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन, मप्र छत्तीसगढ़ स्टेट कमेटी द्वारा सभी सदस्यों के हितार्थ हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से संबंधित सभी जानकारी, महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु एक संगोष्ठी आयोजन मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में किया गया.**

इस संगोष्ठी में इंश्योरेंस सेवाप्रदाता केडी, दस्तूर एंड कंपनी मुंबई प्रधान कार्यालय एवं स्थानीय कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे व उपरोक्त विषय पर सभी बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की, प्रश्नों का समाधान किया. इस संगोष्ठी में सभी बैंकों के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम में एआईबीआरएफ के राष्ट्रीय महासचिव शरबतचंद जैन, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के अध्यक्ष किशोर धर्माधिकारी, महासचिव शरद व्यास उपस्थित रहे




# राज्य स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा ऐश्वर्या शर्मा को मिला तीसरा पुरस्कार

- इंदौर की बेटी ने किया गौरवान्वित

**इंदौर.** सत्य साई विद्या विहार की कक्षा चौथी की छात्रा ऐश्वर्या शर्मा ने इंदौर का प्रतिनिधित्व कर राज्यस्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है. चिन्मय मिशन द्वारा सतना में प्रदेश स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इसमें ऐश्वर्या ने इंदौर का प्रतिनिधित्व किया. प्रतिभावान छात्रा ने श्रीमद्भगवद् गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण कर अपना स्थान बनाया. इससे कुछ दिन पहले इंदौर में जिला स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता हुई थी, इसमें इंदौर के सभी स्कूलों के 750 से ज्यादा छात्र-छात्रा शामिल हुए थे. इसमें ऐश्वर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था. इसके बाद उसका चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था.

## एक नजर में

प्रशासन कर रहा खरीदने के लिए प्रचार, विशेषज्ञ बता रहे खतरनाक

# गोबर के दीये से अग्निकांड का खतरा!

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रशासन द्वारा शहर में गोबर से बने दीये खरीदने और बिक्री का प्रचार किया जा रहा है. इसको प्रशासन का नवाचार बताया जा रहा है, मगर गोबर के दीयों से अग्निकांड का खतरा है. कंडा ज्वलनशील वस्तु की श्रेणी में आता है.**

पिछले दिनों नगर निगम हातोद गौ शाला में स्वदेशी आंदोलन को समर्थन करने के साथ गोबर से बने दीयों का निर्माण करने का नवाचार बताया था. इसके लिए दो मशीन हातोद गौ शाला में लगवाई थी. इतना ही नहीं, बाकी शहर में अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर दीये बनाने के लिए ओर मशीनें लगाने की बात कही थी. प्रशासन ने दो लाख से ज्यादा दीये बनाने के



साथ गो पालकों को भी गोबर दीये बनाने के लिए प्रोत्साहन करने की बात कही थी . वहीं आज से शहर में गोबर दीयों के अलग अलग स्थानों पर बिक्री केंद्र भी खोले गए हैं . एक बिक्री केंद्र कलेक्टर कार्यालय परिसर में भी खोला गया है . अब गोबर से बने दीयों को लेकर सवाल उठता है कि क्या इनसे आग नहीं लगेगी ? इसकी क्या गारंटी है? गोबर के दीयों में तेल भरने पर पी (सोख) भी जाएंगे . ध्यान रहे कि सनातन धर्म में हवन से लेकर अंतिम संस्कार में गोबर से बने कंडों का उपयोग किया है . ऐसे में दिवाली के त्यौहार पर गोबर के दियों से अग्निकांड का खतरा बढ़ सकता है .

### मंदसौर में हो चुकी है घटना

करीब 6-7 साल पहले मंदसौर में गोबर से बने दीयों का निर्माण और बिक्री हो चुकी है . उक्त नवाचार में कई घरों में गोबर से बने दीयों ने आग पकड़ ली थी . इसके बाद गोबर से बने दिए मंदसौर जिले में बनना बंद किए गए . उसका सिर्फ एक कारण है कि गोबर सूखने पर ज्वलनशील वस्तु बन जाता है . सनातन धर्म में अग्नि प्रज्वलित करने और धूप ध्यान में इसका प्रयोग होता है .

### यह खतरनाक : मिश्रा

नगर निगम के पूर्व उपायुक्त और फायर विभाग रिटायर्ड डीएसपी रविकांत मिश्रा ने कहा कि सूखा गोबर के दीये तो ज्यादा खतरनाक है । इससे अग्निकांड होने की आशंका बढ़ जाएगी। कंडा तेल से और ज्यादा आग पकड़ेगा। यह दीये पूरी तरह से आग लगने के प्रतीक हो सकते है। पूर्व में भी चार साल पहले तत्कालीन आयुक्त प्रतिभा पाल ने एनजीओ को उपकृत करने के लिए गोबर के दीये बनवाकर 5-5 हजार के दीये खरीदने पर मजबूर किया था।